गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ॰ ग॰)

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)

Tel: 07752-260000, 260003 Fax: 07752-260154 Website: www.ggu.ac.in

कमांक 200 /परीक्षा/यू.टी.डी./2021 बिलासपुर, दिनांक 27/7/2021

कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत् छात्रों के लिये द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2020– 21 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र (मुख्य/ ए.टी.के.टी. परीक्षा) भरने की सूचना /निर्देश निम्नानुसार प्रसारित की जाती है:–

1) विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशाला (अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी अध्ययनशाला को छोड़कर) में संचालित यू.जी./ पी.जी. पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर, सत्र 2020–21 के लिए **परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 10/08/2021 तक निर्धारित की गई है।**

2) न्यू सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अंतर्गत यू.जी./पी.जी.– द्वितीय सेमेस्टर के ए.टी.के.टी. (द्वितीय प्रयास) के परीक्षा में बैठने की पात्रता रखने वाले छात्रों को अपने ए.टी.के.टी. परीक्षा आवेदन पत्र उक्त तिथि तक जमा करने होंगे।

3) **जो छात्र परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित समय में नही भरेंगे, ऐसे छात्रों को आनलाईन परीक्षा में बैठने की अनुमति नही होगी, यदि ऐसे छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो जाते है तो ऐसे छात्रों का परीक्षा परिणाम स्वयमेव निरस्त मानी जाएगी।**

4) **परीक्षा आवेदन पत्र का प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबपेज www ggu-ac-in से इस सूचना के साथ संलग्न है, वहॉ से प्राप्त कर सकते है।**

5) छात्र परीक्षा आवेदन पत्र मुद्रण कर, स्वयं के द्वारा आवेदन पत्र भरकर स्वहस्ताक्षरित करने के उपरांत निम्नानुसार तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच उपरांत परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अपने–अपने विभागाध्यक्ष को निर्धारित समय सीमा में किसी भी उपयुक्त माध्यम (स्वयं उपस्थित होकर या स्पीडपोस्ट) से जमा करेंगे:–

(1.) परीक्षा आवेदन पत्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषय/ प्रश्न पत्र का नाम स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से लिखने होंगे।

(2) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण समस्त कक्षाओं/सेमेस्टरों के अंकसूची की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति लगाना लगाना अनिवार्य होगा।

(3) ए.टी.के.टी. /द्वितीय प्रयास परीक्षा में बैठने वाले छात्र अपनी पात्रता को ध्यान में रखकर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे, पात्रता न होने की स्थिति में ऐसे छात्रों का आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा।

(4) जो छात्र ए.टी.के.टी. परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो ऐसे छात्रों को अलग से परीक्षा **शुल्क रूपये 200/– (रूपये दो सौ) Online/DD के माध्यम से जमा करने होंगे,** जिसका उल्लेख **परीक्षा आवेदन पत्र में यथा उचित स्थान पर करना अनिवार्य होगा।** परीक्षा शुल्क का रसीद आवेदन पत्र **के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष द्वारा निरस्त** कर दी जावेगी।

कमशः–– 2––

(5) विभागाध्यक्षों द्वारा छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र (मुख्य/एटीकेटी परीक्षा) की जॉच करने के उपरान्त संबंधित परीक्षा में बैठने की पात्रता रखने वाले छात्रों का ही परीक्षा आवेदन पत्र **(परीक्षा आवेदन पत्र से अभिप्रमाणक पत्रक एवं प्रवेश पत्र अलग कर अपने पास रख लेंगे) एवं Roll List की तीन प्रति (A-4 Paper) के साथ परीक्षा विभाग में दिनांक 13 अगस्त, 2021 तक अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे।** विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि Roll List तैयार करते समय छात्रों द्वारा भरे गये प्रश्न पत्रों/ विषयों का नाम, अनुक्रमांक, नामांकन कमांक का मिलान करने के बाद अपना (विभागाध्यक्ष) हस्ताक्षर एवं सील सहित परीक्षा आवेदन पत्र एवं Roll List परीक्षा विभाग को प्रेषित करेंगे एवं इसकी Soft Copy परीक्षा नियंत्रक के e-mail ID -controllerofexamsggv@gmailk.com पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करेंगे।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक

पृ0कमांक 201/ परीक्षा/यू.टी.डी./2021, बिलासपुर, दिनांक 27/7/2021

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति/कुलसचिव के निज सहायक/शीघ्रलेखक की ओर मा.कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता, समस्त अध्ययनशालाओं की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्षों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/वित्ताधिकारी,गु.घा.वि.वि.बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. प्रभारी- गोपनीय /सहायक कुलसचिव (वित/भंडार/गोपनीय कक्ष क. 01-02) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. मीडिया प्रभारी, गु.घा.वि.वि.बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8. वेबसाईड प्रभारी, सी.एस.आई.टी. विभाग को वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
9. कार्यालय प्रति।

Office (RS(T))

27/7/2021

उप- कुलसचिव (परीक्षा)